दिनांक 04.12.2017

स्वच्छ भारत अभियान

स्वच्छ एवं सुदर भिलाई

**भिलाईनगर**/स्वच्छ भारत अभियान के तहत् निगम क्षेत्र भिलाई में घर–घर कचरा संग्रहण के लिए सुखा एवं गीला कचरा को पृथक–पृथक संग्रहित करने के लिए सफाई मित्रों को रिक्शा वितरण किये जाने हेतु राज्य शहरी विकास अभिकरण रायपुर द्वारा प्राप्त स्वीकृति के आधार पर प्रदान किये जाने वाले रिक्शे की पहली खेप निगम भिलाई को प्राप्त हुआ हैं।

आयुक्त के0एल0 चौहान ने बताया कि सूडा द्वारा राज्य के प्रत्येक निकाय के लिए सुखा एवं गीला कचरा के पृथक–पृथक एकत्रीकरण के लिए डिजाईन किये गये रिक्शे निगम भिलाई को भेजे गये हैं जिसकी पहली खेप प्राप्त हुई है और निगम क्षेत्र के सम्पूर्ण वार्ड के लिए 178 रिक्शा निगम भिलाई को प्राप्त होना है जिसे घर से कचरा एकत्र करने में इस्तमाल किया जाना है इसी प्रकार 2 लाख 75 हजार डस्टबीन हरा और नीला रंग का शासन द्वारा निगम भिलाई को प्राप्त होना है जिसका वितरण निगम क्षेत्र में किया जायेगा।

---

**भिलाईनगर**/ महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने तथा महिलाओं को शासकीय कार्य में भागीदार बनाने के लिए निगम क्षेत्र के घरों से निकलने वाले सुखा एवं गीला कचरा को एकत्र करने के लिए निगम द्वारा महिला स्व–सहायता समुह को कचरा एकत्रीकरण कार्य की जिम्मेदारी सौंपी गई है।

सोमवार निगम जनदर्शन में मौर्या मुस्कान महिला स्व–सहायता समुह की अध्यक्ष अनीता मौर्य ने आवेदन प्रस्तुत करते हुए आयुक्त के0एल0 चौहान को बताया कि वे निगम क्षेत्र में कचरा संग्रहण का कार्य उनकी समुह की बहनें कर रही हैं लेकिन इस कार्य का पीछले 8 माह से उन्हे पारिश्रमिक प्राप्त नहीं हुआ है जिसपर आयुक्त ने तत्काल कार्यवाही करते हुए जनदर्शन सभागार में फाईल बुलवाकर तत्काल स्वीकृति प्रदान करते हुए उनकी लंबित राशि 29,865.00 रुपये का चेक महिला स्व–सहायता समुह के अध्यक्ष को प्रदान किया आयुक्त के इस पहल का स्व–सहायता समुह की महिलाएं एवं आवेदन देने हेतु उपस्थित नागरिकों ने ताली बजाकर स्वागत किया।

इसी प्रकार केम्प–01 चैता मैदान में निवास करने वाले मोहम्मद एहसान ने जनदर्शन में आवेदन प्रस्तुत करते हुए आयुक्त श्री चौहान को बताया कि उन्होने मोर जमीन मोर मकान योजना के तहत् अपने मकान को पक्का बनाने के लिए आवेदन प्रस्तुत किया था जिसका सर्वे होने के बाद ऑर्किटेक्ट एवं इंजीनियर के कहे अनुसार अपने कच्चे मकान को मैंने तोड़ दिया किन्तु अभी तक उसकी प्रथम किश्त की राशि मुझे प्राप्त नहीं हुआ है आयुक्त ने प्राप्त उक्तावेदन पर तत्काल कार्यवाही करते हुए प्रधानमंत्री आवास योजना के प्रभारी एस.पी. साहू से फाईल बुलवाकर जनदर्शन सभाकक्ष में ही सम्पूर्ण कार्यवाही करवाकर मोहम्मद एहसान को प्रथम किश्त की राशि 29 हजार रुपये का चेक प्रदान किया।

जनसम्पर्क अधिकारी